प्रसार भारती
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 25.08.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचार:–**

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में हुए सुधारों की सराहना की–आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं के राजनीति में प्रवेश से देश के भविष्य को बदलने में सहायता मिलेगी।

2– केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो कार्यालय का उद्घाटन किया। पिपुल्स फॉर पीपल अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

3– केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज प्रदेश में सहकारिता के विस्तार को लेकर बैठक हुई।

4– प्रदेश में कल के बाद वर्षा की गतिविधि बढ़ने की संभावना।

## <u>मन की बात</u>

आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से काफी फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस महीने 23 तारीख को देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान–तीन की सफलता का जश्न मनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्पेस इको–सिस्टम बहुत जीवंत हो रहा है और श्री मोदी ने स्पेस टैक स्टार्टअप गैलेक्सआई के सदस्यों के साथ बातचीत भी की।

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष लालकिले से उन्होंने गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं से राजनीतिक व्यवस्था में जुडने का आह्वान किया था, जिसका युवाओं पर जबरदस्त प्रभाव पडा है और बडी संख्या में युवा राजनीति में प्रवेश के लिए तैयार है।

मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान के बारे में भी श्रोताओं के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस अब एक सामाजिक पर्व भी बनता जा रहा है। लोग अपने घरों को तिरंगा माला से सजाते हैं। ‘स्वयं सहायता समूह’ से जुड़ी महिलाएं लाखों झंडे तैयार करती हैं। ई–कॉमर्स पेल्टफॉर्म पर तिरंगे में रंगे सामानों की बिक्री बढ़ जाती है।

प्रधानमंत्री ने लोगों से कैच द रेन मूवमेंट और ’एक पेड़ मां के नाम’ अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने देशवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने का अनुरोध भी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे परिवार, समाज और देश का भविष्य हमारे बच्चों की सेहत पर निर्भर है और बच्चों की अच्छी सेहत के लिए जरूरी है कि उन्हें सही पोषण मिलता रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में होने जा रहे पैरालिम्पिक्स के लिए लोगों से हैश टेग चीयर फॉर भारत के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

**केन्द्रीय गृहमंत्री–छत्तीसगढ़–01**

केंद्रीय गृहमंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर स्थित नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के कार्यालय का उदघाटन किया। इसके बाद श्री शाह ने छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के रोकथाम पर समीक्षा बैठक भी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि भारत की आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 में नशामुक्त देश बनाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प अब हर देशवासी का संकल्प बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि नार्कोटिक्स का अवैध व्यापार राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ जुड़ा हुआ है। इससे अर्जित धन आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद को बढ़ावा देता है तथा देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि अवैध व्यापार के नेटवर्क को निर्मम तरीके से ध्वस्त करने की जरूरत है। इसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से आगे बढ़ेंगे।

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नवा रायपुर में "प्यूपल फॉर पीपल" अभियान का शुभारंभ किया और "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पीपल का पौधा लगाया। कार्यक्रम में श्री शाह ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत करीब दो सौ चार करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

इससे पहले, गृह मंत्री ने कल रायपुर में माओवाद प्रभावित राज्यों की अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की बैठक में कहा कि माओवादियों के खिलाफ

लड़ाई अब अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि अब वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ रणनीति के साथ अंतिम प्रहार करने का समय आ गया है। उन्होंने बताया कि मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से देश पूरी तरह से मुक्त हो जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के लिए शीघ्र ही एक नई आत्मसमर्पण नीति लेकर आएगी।

**<u>केन्द्रीय गृहमंत्री–छत्तीसगढ़–02</u>**

वहीं, केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज प्रदेश में सहकारिता के विस्तार को लेकर बैठक हुई। बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने के लिए देश की हर पंचायत में एक सहकारी समिति के गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार को संपूर्ण जनजातीय विकास के लिए एक नई पब्लिक डेयरी योजना बनानी चाहिए, जो पैक्स, डेयरी और मात्स्यिकी सहकारी संस्था का काम करेगी। इस दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री ने प्रदेश के तैंतीस जिलों में पानी समिति के रूप में पैक्स का शुभारंभ किया।
श्री शाह ने कहा कि कम्प्यूटरीकृत होने के साथ ही पैक्स को सामान्य सेवा में शामिल कर ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाएं।

इस बीच, माओवाद प्रभावित बीजापुर जिले के पालनार कैम्प के आस–पास के पांच गांवों के 31 युवाओं ने आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नवा रायपुर में मुलाकात की। इनमें से कई युवा ऐसे भी थे जो पहली बार बीजापुर से राजधानी रायपुर आए थे।

रायपुर के तीन दिवसीय प्रवास के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री आज शाम नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

**<u>प्रधानमंत्री–लखपति दीदी</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के जलगांव में एक समारोह के `दौरान ग्यारह लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने लखपति दीदियों को सम्मानित भी किया।

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के कोरिया मिलेट्स कैफे की सफलता पर खुशी जताई। प्रधानमंत्री ने लखपति दीदी सम्मेलन में कोरिया जिले में ग्राम पंचायत पटना के रोशनी स्व सहायता समूह की हीना बेगम से संवाद किया और उनके सामूहिक सफलता के लिए उपस्थित जनसमूह से तालियां बजवाईं। इस दौरान हीना बेगम ने प्रधानमंत्री को बताया कि रोशनी स्व सहायता समूह द्वारा चार अन्य समूहों के साथ मिलकर मिलेट्स कैफे का संचालन किया जा रहा है।

वहीं, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के डोंगरिया, सरबाहरा, पतगवा और सभी कलस्टर केंद्रों में जिले के 12 एनआरएलएम संकुल संगठनों में सात सौ लखपति बहनों का और सौ कैडरों को सम्मान पत्र वितरण किया गया। इस दौरान जिला मिशन प्रबंधक दुर्गा शंकर सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में महिला स्व सहायता समूहो को विभिन्न आजीविका गतिविधि के लिए एक सौ नौ महिला स्व–सहायता समूहों का लगभग दो करोड़ रूपये विभिन्न बैंकों के माध्यम से लिंकेज कराया गया है।

## **केन्द्र–युनिफाइड पेंशन स्कीम**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए **युनिफाइड पेंशन स्कीम** को स्वीकृति दी है। इसमें निश्चित पेंशन का प्रावधान किया गया है। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद आज नई दिल्ली में बताया कि इस योजना के अंतर्गत 25 वर्ष तक की सेवा पूरी करने के बाद अंतिम 12 महीनों के मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन दिया जाएगा। इसके अलावा योजना में कर्मचारी के निधन के बाद परिवार पेंशन 60 प्रतिशत कर दी गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा।

## **मुख्य न्यायाधीश–जशपुर**

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने आज जशपुर के तालुका न्यायालय, व्यवहार न्यायालय बगीचा और प्रधान जिला–सत्र न्यायालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। मुख्य न्यायाधीश ने जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर के फर्स्ट एड क्लीनिक, मालखाना, बच्चों के लिए बने किलकारी कक्ष, सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण भी किया।

## **कांग्रेस प्रदर्शन**

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर में आज जेल भरो आंदोलन किया गया। बलौदाबाजार में हुई आगजनी के मामले में कांग्रेस नेताओं पर हुई कार्रवाई को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। रायपुर में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रायपुर की गांधी मैदान से केंद्रीय जेल जाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बल पूर्वक रोक दिया। वहीं, कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार भी किया गया है।

## **जन्माष्टमी**

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला त्योहार जन्माष्टमी देशभर सहित छत्तीसगढ़ में कल धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कृष्ण मंदिरों में जन्मोत्सव के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

इस बीच, राज्य सरकार ने जन्माष्टमी के अवसर पर कल 'शुष्क दिवस' घोषित किया है। इस दौरान प्रदेश में स्थित सभी मदिरा दुकानें बंद रहेंगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>